The blending fee for lubes offered 10 M/s. Raaj Unocal Ltd.. is Rs. 1120 *pel* KL. This party has started blending lubes on 11-7-1994 under a contract with the IOC.

Procurement of 3-D Seismic Equipment by O.I.L.

2371. SHRI DIPANKAR MUKHFR-JEE:
SHRI MD. SALIM :

Will the Minister of PETROLEUM AND NATURAL GAS be pleased io state:

(a) whether Oil India Limited (OIL) has decided to import a 3-D seismic equipment from France;

(b) whether any global tendering was done for procuring the same ? if *so,* the details thereof and if not, the reasons therefor; and

(c) whether in the meeting of OTL's Board of Directors held on 28th April. 1994 it was decided to appoint a third party having the technical expertise to evaluate the cost and assess other aspect* of the French equipment ? If so, the name of the firm and its technical expertise be furnished?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PETROLEUM AND NATURAL GAS (CAPT. SAT1SH SHARMA): (a) and (b) No, Sir. Although OIL has not invited any global tender for import of 3-D seismic equipment recently, they had earlier approved a service contract for 3-D seismic survey operations from a French Company and the survey equipment has been in operation against the service contract. This equipment was purchased by OIL after completion of the seismic survey contract.

(c) There was no meeting of Board Oirectors of OIL on 28-4-1994. However. internally OIL decided to appo'nt a valuer M/s. M. Choudhury & Associate of Delhi to inspect and value the equipment. The firm is on the IDBI panel and does work for other PSUs and private firms and has qualified personnel on its staff.

ओमान गैस पाइपलाईन पर व्यय की जाने वाली धनराशि

2372. **श्री राम जेठमलानी :**
श्रीमती सुषमा स्वराज :

क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि ओमान से भारत में गैस लाने की परियोजना से अन्तर्गत गहरे समुद्र में एक पाइप लाइन बिछाने पर व्यय होने वाली धनराशि का अनुमान लगा लिया गया है ;

(ख) यदि हां, तो कितनी धनराशि व्यय किए जाने का अनुमान लगाया गया है;

(ग) क्या यह भी सच है कि देश में इस गैस का विभिन्न प्रयोजनों में उपयोग करने हेतु आवश्यक आधारभूत ढांचा तयार करने के लिए तैयार की जानी वाली परियोजना पर लगभग 5,000 करोड़ रुपये व्यय होने की संभावना है;

(घ) यदि नहीं, तो इस संबंध में सरकार ने क्या अनुमान लगाया है;

(ङ) देश में पाइप लाइन के जरिए गैस उपलब्ध कराने के लिए क्या लक्ष्य निर्धारित किया गया है; और

(च) क्या सरकार ने उपलब्ध गैस का उपयोग करने हेतु आवश्यक आधारभूत ढांचा तैयार करने के लिए अब तक कोई कार्यवाई की है ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्य मंत्री (कैप्टन सतीश शर्मा) : (क) से (घ) विशेषज्ञ का अनुमान है कि ओमान से आयात की गई गैस का उपयोग करने के लिए घरेलू पाइप लाइनों और उपभोक्ता यूनिटों के लिए लगभग 40,000 करोड़ रुपये के निवेश की आवश्यकता होगी । ओमान-इण्डिया सब-सी पाइप लाइन के लिए भारत की ओर से किसी निवेश की आवश्यकता नहीं पड़ेगी ।

(ङ) 36·6 एम एम एस सी एम डी ।

(च) गैस अथारिटी आफ इण्डिया लि० को डाऊन स्ट्रीम यूनिटों की पहचान करने और घरेलू पाइप-लाइन परियोजना तयार करने का दायित्व दिया गया है ।

तेल उद्योग विकास बोर्ड के धन का उपयोग

2373. **श्रीमती सुषमा स्वराज :**
श्री राम जेठमलानी :

क्या पैट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि देश में तेल उद्योग के विकास और विस्तार हेतु सरकार ने हाल के वर्षों में तेल उद्योग विकास बोर्ड कोष स्थापित किया है ;

(ख) यदि हां, तो यह कोष कब स्थापित किया गया था तथा इस कोष में मार्च, 1994 के अंत तक कुल कितनी धन राशि जमा की जा चुकी थी;

(ग) क्या सरकार ने इस कोष में निरन्तर वृद्धि सुनिश्चित करने के लिए कोई स्रोत निश्चित किये है ;